राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेज़ी दैनिक

# मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, नूंह से प्रकाशित | संपादक अभयसिंह सैनी | 9992904845,8059956005

वर्ष : 03 | अंक : 86 | नूंह, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024 | आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 | मूल्य : 2 रूपए | पेज : 08 | mewatnewsexpress11@gmail.com

कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने दी जानकारी

# 26 जनवरी से 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा' शुरू करेगी कांग्रेस

एजेंसी ▶▶| बेलगावी



कर्नाटक के बेलगावी में सीडब्ल्यूसी बैठक में लिया फैसला

कांग्रेस 26 जनवरी से 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा'शुरू करेगी। कर्नाटक के बेलगावी में गुरुवार को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद कांग्रेस के प्रवक्ता जयराम रमेश और कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। कर्नाटक के बेलगावी में गुरुवार को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक शुरू हुई, जिसे 'नव सत्याग्रह बैठक' नाम दिया गया है। इस बैठक में कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी की अध्यक्षता में हुए बेलगाम अधिवेशन की 100वीं वर्षगांठ मना रही है। सीडब्ल्यूसी बैठक में 2025 में राजनीतिक और चुनावी चुनौतियों के लिए योजना पर मंथन किया गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत पार्टी के सभी शीर्ष नेता बेलगावी में मौजूद रहे। सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि हमारा मानना है कि भारत जोड़ो यात्रा ने कांग्रेस को 'संजीवनी' दी और यह कांग्रेस की राजनीति में महत्वपूर्ण मोड़ था। फिर, भारत जोड़ो न्याय यात्रा हुई और अब 26 जनवरी 2025 को हम एक साल तक चलने वाली 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा' शुरू करेंगे।

*कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी की अध्यक्षता में हुए बेलगाम अधिवेशन की 100वीं वर्षगांठ मना रही है। सीडब्ल्यूसी बैठक में 2025 में राजनीतिक और चुनावी चुनौतियों के लिए योजना पर मंथन किया*

एक साल तक राजनीतिक अभियान चलाया जाएगा

2025 में संगठनात्मक सुधार के कार्यक्रम चलाए जाएंगे




### बैठक में दो प्रस्ताव पेश

वेणुगोपाल ने कहा कि हमने दो प्रस्ताव पेश किए, एक महात्मा गांधी पर और दूसरा राजनीतिक प्रस्ताव। हमने एक साल के लिए बड़े पैमाने पर राजनीतिक अभियान चलाने का फैसला किया। 2025 में कांग्रेस संगठनात्मक सुधार के कार्यक्रम चलाएगी। हर स्तर पर नेताओं की क्षमता की गहन जांच की जाएगी। साथ ही कांग्रेस शासित सभी राज्यों में जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया गया है।

### गांधीवादी संस्थाओं पर हमले हो रहेः सोनिया ने भेजा संदेश

*बैठक में शामिल न होने पर सोनिया गांधी ने कांग्रेस कार्यसमिति को संदेश भेजा है। कांग्रेस ने एक्स पर सोनिया का संदेश साझा किया है। गांधी ने लिखा कि देश भर में विभिन्न स्थानों पर गांधीवादी संस्थाओं पर हमले हो रहे हैं। इसलिए, यह भी उचित है कि इस बैठक को नव सत्याग्रह बैठक कहा जाए।*

### गांधी की विचारधारा को जनता तक ले जाएंगेः खरगे

*कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। हम गांधीजी की विचारधारा और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और नफरत की राजनीति को सत्य और अहिंसा से पराजित करेंगे।*

### कांग्रेस अधिवेशन में लगा भारत का गलत नक्शा, पीओके गायब



*नई दिल्ली। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक से पहले वहां नेताओं के स्वागत में पोस्टर-बैनर लगाए गए है, जिसको लेकर विवाद छिड़ गया है। आरोप है पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैनरों और फ्लैक्स में भारत के मानचित्र को विकृत रूप में पेश किया है। एंट्री द्वार पर लगाए गए बैनरों में जो भारत का मानचित्र छपा है, उनमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन का क्षेत्र गायब कर दिया गया है। भाजपा ने इस मामले में जबरदस्त हमला बोला है। साथ ही कांग्रेस को नई मुस्लिम लीग करार दिया है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर बेलगावी सम्मेलन में विकृत भारतीय मानचित्रों का उपयोग करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने भी आरोप लगाया कि यह कांग्रेस की 'भारत तोड़ो, टुकड़े-टुकड़े' वाली मानसिकता है। भाजपा की कर्नाटक राज्य शाखा ने कहा कि कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बताते हुए एक विकृत मानचित्र प्रदर्शित करके भारत की संप्रभुता के लिए घोर अनादर दिखाया है।*

आप से कांग्रेस की बड़ी 'रार'...इंडी ब्लॉक में वर्चस्व की लड़ाई अब मैदान पर आई

इंडिया गठबंधन में आर-पार आतिशी ने कांग्रेस पर किया वार

# आप ने कहा- गठबंधन से कांग्रेस को निकालें कांग्रेस बोली-यह किसी एक की 'बपौती' नहीं

'आप' ने 24 घंटे में माकन पर कार्रवाई करने की मांग की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच तनातनी बढ़ गई है। आप ने कांग्रेस से अजय माकन पर कार्रवाई की मांग की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि कांग्रेस के बयानों से यह स्पष्ट हो गया है कि दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस ने भाजपा के साथ समझौता कर लिया है। कांग्रेस के अजय माकन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल देशद्रोही हैं। मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहती हूं कि क्या उन्होंने कभी किसी भाजपा नेता पर यही आरोप लगाए हैं? नहीं। लेकिन कांग्रेस केजरीवाल पर देशद्रोही होने का आरोप लगा रही है। कांग्रेस ने मेरे, केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। क्यों? क्या कांग्रेस ने कभी किसी भाजपा नेता के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज कराई है? संजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस 24 घंटे में माकन पर एक्शन ले, वरना हम कांग्रेस को इंडी से अलग करने की मांग करेंगे।

कांग्रेस के अजय माकन ने केजरीवाल को देशद्रोही कहा था




### आप देशद्रोही तो लोकसभा चुनाव साथ में क्यों?

आतिशी ने कहा कि हमें विश्वसनीय स्रोतों से पता चला है कि कांग्रेस उम्मीदवारों का चुनावी खर्च भाजपा से आ रहा है। भाजपा कांग्रेस उम्मीदवारों को फंड दे रही है। हमने सुना है कि संदीप दीक्षित को भाजपा से फंड मिल रहा है। अगर कांग्रेस को लगता है कि आप देशद्रोही हैं, तो उन्होंने हमारे साथ गठबंधन करके लोकसभा चुनाव क्यों लड़ा? यह स्पष्ट है कि कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के साथ आप को हराने और दिल्ली में भाजपा को जिताने के लिए कुछ आपसी समझौता किया है।

### कांग्रेस को फंडिंग कर रही भाजपाः संजय

सिंह ने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कांग्रेस हर संभव कोशिश कर रही है। भाजपा कांग्रेस का फंडिंग कर रही है। माकन भाजपा का स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। माकन ने अरविंद को 'देशद्रोही' कहा, पार्टी 24 घंटे में उनके खिलाफ कार्रवाई करे। सिंह ने कहा कि माकन भाजपा द्वारा भेजी गई स्क्रिप्ट पढ़ते हैं और आप नेताओं को टारगेट करते हैं। केजरीवाल ने दिल्लीवालों के लिए बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा का इंतजाम किया, लेकिन कांग्रेस ने केजरीवाल को देशद्रोही कहा। कांग्रेस ने सारी हदें पार कर दी हैं।

### तनातनी... केजरीवाल पर एफआईआर चाह रही कांग्रेस

कांग्रेस को लेकर आपके नेताओं में भारी नाराजगी है। खबर है कि इंडी गठबंधन से कांग्रेस को बाहर कराने के लिए आप दूसरी पार्टियों से बातचीत करेगी। आप का कहना है कि कांग्रेस भाजपा के साथ मिलकर काम कर रही है। केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर की मांग व कांग्रेस के नेताओं के बयानों को लेकर आप के नेताओं में नाराजगी है।

### माकन भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ रहेः आप

संजय ने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कांग्रेस हर संभव कोशिश कर रही है। भाजपा कांग्रेस का फंडिंग कर रही है। माकन भाजपा का स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। माकन ने अरविंद केजरीवाल को 'देशद्रोही' कहा, पार्टी 24 घंटे में उनके खिलाफ कार्रवाई करे। कार्रवाई नहीं हुई तो हम कांग्रेस को इंडी गठबंधन से अलग करने की मांग करेंगे।

पैसे बांटने का आरोप

### संजय ने ईडी से की प्रवेश की शिकायत

संजय ने भाजपा नेताओं प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा पर दिल्ली के महिला वोटरों पर पैसे बांटने का आरोप लगाते हुए उनकी शिकायत ईडी दफ्तर जाकर की है। उन्होंने आरोप लगाया कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को नकदी बांटी गई है।

### युवक कांग्रेस अध्यक्ष ने केजरीवाल के खिलाफ पुलिस में शिकायत की



प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष एडवोकेट अक्षय लाकड़ा ने केजरीवाल और पार्टी से जुड़े अन्य सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने संसद मार्ग थाने में शिकायत की है। लाकड़ा ने आरोप लगाया कि आप ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर दिल्ली की जनता को गुमराह किया है। ऐसी कोई सरकारी योजना नहीं है।

### महिलाओं को गुमराह कर रही आप : यादव



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना को राजनीतिक छलावा करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि योजना के नाम पर महिलाओं को गुमराह कर फार्म भरवाए जा रहे हैं, जबकि दिल्ली सरकार के बाल विकास विभाग की ओर से जारी नोटिस ने स्पष्ट किया गया ऐसी कोईयोजना नहीं है।

### इंडिया ब्लॉक एक पार्टी के लिए नहीं : राजेश



माकन पर कार्रवाई की मांग और कांग्रेस को इंडीसे बाहर करने की धमकी पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर ने कहा कि गठबंधन किसी एक पार्टी को केंद्र में रखकर नहीं है।यह किसी एक की नहीं है। कांग्रेस को बाहर रखकर भाजपा का विरोध किया जा सकता है तो यह असंभव है। आतिशी के बयान गैर-जिम्मेदाराना हैं।

### प्रवेश की सफाई- पिता के एनजीओ से मदद कर रहा



प्रवेश ने आप पर पलटवार करते हुए कहा कि भारी बिजली बिल और दूषित पानी से संबंधित लोगों की दुर्दशा के बारे में सुनने के बाद मैंने अपने पिता के गैर सरकारी संगठन राष्ट्रीय स्वाभिमान से महिलाओं को मदद कर रहा था।

केंद्रीय मंत्री मांझी का बड़ा दावा

# राजद के 12 नेता एनडीए के संपर्क में, राजग में आएंगे!



पार्टी में कोई मनमुटाव नहीं तेजस्वी को दिया जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच केंद्रीय मंत्री और एनडीए गठबंधन के सहयोगी जीतन राम मांझी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के करीब 12 नेता एनडीए के संपर्क में हैं। जल्दी एनडीए के साथ आ सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहा है। कहीं किसी पार्टी के बीच मनमुटाव नहीं है। आप लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। वहीं तेजस्वी यादव के सवाल पर केंद्रीय मंत्री मांझी ने कहा कि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए कुछ भी बयानबाजी करते रहते हैं। वे कोई भविष्यवक्ता नहीं है। उनका कोई जनाधार नहीं है। सीएम नीतीश कुमार बहुत अच्छे से बिहार चला रहे हैं।

### नीतीश के लिए यह आखिरी चुनाव

तेजस्वी यादव ने कहा कि 2025 का विधानसभा चुनाव सीएम नीतीश कुमार के लिए आखिरी चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि जनता भी जानती है कि सीएम नीतीश कुमार से अब बिहार चल नहीं रहा। इसलिए 2025 के विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें जवाब देगी। वहीं सीएम नीतीश कुमार की पार्टी के साथ गठबंधन के सवाल पर तेजस्वी ने साफ कहा कि यह फैसला राष्ट्रीय जनता दल करेगा। इसपर मैं कोई टिप्पणी नहीं कर सकता हूं।

### पहले अपने विधायक को बचाएं मांझीः ज्ञान रंजन

कांग्रेस प्रवक्ता ज्ञान रंजन ने कहा कि हम पार्टी के मुखिया जीतन राम मांझी की बातों को क्या सीरियस लें। वो खुद कह चुके हैं कि जब वो सीएम थे तो उन्हें रबर स्टैंप जैसे यूज किया गया। ज्ञान रंजन ने कहा कि जीतन राम मांझी को अपने विधायक को बचाने पर ध्यान देना चाहिए। एनडीए के कई विधायक महागठबंधन के संपर्क में हैं। आने वाले दिनों में हमारी सरकार बनेगी।

### राजनीति में कोई परमानेंट दोस्त नहीं: राजद

लालू यादव के बेहद करीबी माने जाने वाले राजद के वरिष्ठ नेता भाई वीरेंद्र ने कहा कि राजनीति में कोई भी परमानेंट दोस्त और दुश्मन नहीं होता। राजनीति में कुछ भी संभव है। अगर नीतीश कुमार सांप्रदायिक शक्तियों को छोड़कर आएंगे तो हम स्वागत करेंगे। उनका भी मन सांप्रदायिक शक्तियों के साथ रहकर भर चुका है।

## खबर संक्षेप

### यमुनानगर में ताबड़तोड़ फायरिंग, 2 की हत्या



**यमुनानगर।** यहां के खंड रादौर के खेड़ी लक्खा सिंह में तीन युवकों पर बाइक सवार नकाबपोशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें यूपी के मखमूलपुर निवासी पंकज मलिक, गांव गोलनी निवासी वीरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उन्हेड़ी गांव के अर्जुन की गंभीर हालत है जिसे शहर के गाबा अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। नकाबपोश करीब 5 लोग थे जो 2 बाइकों पर आए थे।

### देवी के 'ईश्वर अल्लाह तेरो नाम' पर घमासान



**पटना।** लोक गायिका देवी के द्वारा इश्वर अल्लाह तेरो नाम पर अब विवाद गहराने लगा है। इस मामले पर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने भाजपा पर महिला का अपमान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि संघियों और भाजपाइयों को 'जय सियाराम, जय सीताराम' के नाम एवं नारे से शुरू ही नफरत है, क्योंकि उसमें माता सीता का जयकारा है। पहले भी पार्टी को कई मुद्दों पर आपत्ति थी।

महाकुंभ में दक्षिण से जुड़ेगा उत्तर

# तिरुवनंतपुरम-कन्याकुमारी से चलेंगी महाकुंभ स्पेशल गाड़ियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



महाकुंभ का सिर्फ उत्तर भारत ही नहीं, दक्षिण भारत में भी खासा क्रेज है। दक्षिण भारत के तीन प्रमुख शहरों से प्रयागराज के लिए महाकुंभ सपेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इन ट्रेनों का संचालन केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम, कन्याकुमारी एवं चेन्नई से होगा। इन शहरों से चलने वाली ट्रेनों की समय सारिणी भी रेलवे प्रशासन द्वारा जारी कर दी गई है। देश के दक्षिण छोर का आखिरी स्टेशन कन्याकुमारी से दो महाकुंभ मेला स्पेशल इस बार चलाई जा रही है।इसका संचालन कन्याकुमारी से गया और कन्याकुमारी से बनारस के बीच वाया प्रयागराज छिवकी होगा। गाड़ी 06005 कन्याकुमारी से 06 और 20 जनवरी की रात 8.30 बजे चलकर चेन्नई इगमोर, विजयवाड़ा, बालाघाट, जबलपुर होते हुए 08 एवं 22 जनवरी की शाम 4.55-5.00 बजे प्रयागराज छिवकी एवं रात 1.30 बजे गया पहुंचेगी।

तेलंगाना सीएम रेड्डी की दो टूक

# नहीं मिलेगी 'बेनिफिट शोज' की परमिशन, साथ काम करें

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार 26 दिसंबर को तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी से मुलाकात की। यहां दोनों के बीच लंबी बातचीत हुई। जहां सीएम ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सरकार भी इंडस्ट्री के साथ है, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री को भी अपनी जिम्मेदारी का अहसास होना चासीएम रेवंत रेड्डी ने ये भी कहा कि फिल्मों के बेनिफिट शो के लिए किसी भी प्रकार की परिमिशन नहीं दी जाएगी। फैंस को काबू करने की जिम्मेदारी स्टार्स की होती है। उन्होंने बाउंसर्स पर सख्ती बरतने की बात भी कही है। प्रतिनिधिमंडल को लीज फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष दिल राजू कर रहे थे। उनके साथ नागार्जुन, वरुण तेज, साई धर्म तेज, कल्याण राम, शिव बालाजी, अदावी शेष और नितिन भी थे।

राकांपा नेता सुप्रिया का कांग्रेस और आप को दो टूक

# जब तक ईवीएम छेड़छाड़ का ठोस सबूत नहीं, तब तक आरोप लगाना ठीक नहीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं खुद ईवीएम से चार बार चुनाव जीती

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद महाविकास अघाड़ी के नेता ईवीएम पर लगातार सवाल उठा रहे हैं। इसी बीच एनसीपी (शरद गुट) की नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने 'ठोस सबूतों' की बात की है। सुले ने ईवीएम पर लगाए गए आरोपों को नकारते हुए कहा कि जब तक इसके खिलाफ छेड़छाड़ के ठोस सबूत नहीं मिलते, तब तक ईवीएम को दोष देना गलत है। ईवीएम के खिलाफ कोई भी आरोप तभी उचित हो सकते हैं जब उसके बारे में ठोस और विश्वसनीय प्रमाण उपलब्ध हों। मैं खुद ईवीएम से चार बार चुनाव जीत चुकी हूं।

### डेटा से संबंधित पत्र में विस्तार से जानकारी नहीं



सुले ने कहा कि ओडिशा के बीजू जनता दल और आम आदमी पार्टी जैसे कुछ राजनीतिक दलों ने ईवीएम में छेड़छाड़ के आरोपों को साबित करने के लिए डेटा होने का दावा किया है। बीजेडी के नेता अमर पटनायक ने उन्हें एक पत्र लिखा था, जिसमें ईवीएम के इस्तेमाल के खिलाफ कुछ डेटा साझा किया गया था।

**केजरीवाल का आरोप वोटर लिस्ट से नामों को हटाया जा रहा :** सुले ने यह भी कहा कि अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाने और जोड़ने पर आपत्ति जताई है। इस पर चर्चा जरूरी है।

चुनाव आयोग ने लोकसभा और 4 राज्यों में चुनाव का डेटा दिया

# 64.64 करोड़ वोटर ने वोटिंग कर विश्व रिकॉर्ड बनाया

लोकसभा चुनाव के आंकड़ों से जुड़ी 42 व विधानसभा चुनावों की 28 रिपोर्ट दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव और 4 राज्यों में चुनावों से जुड़ा डाटा जारी किया है। लोकसभा चुनावों में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक थी। भारत में लोकतंत्र अन्य देशों के मुकाबले अभूतपूर्व है। आयोग ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के आंकड़ों से जुड़ी 42 और चार राज्य विधानसभा चुनावों (अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम) की 14-14 रिपोर्ट जारी कीं। आयोग ने कहा कि ये रिपोर्ट दुनिया भर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, चुनाव पर्यवेक्षकों के लिए मददगार साबित होंगी। रिपोर्ट में कहा गया कि लोकसभा चुनाव में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग करके विश्व रिकॉर्ड बनाया।

### लोकसभा चुनाव में 65.78 फीसदी महिलाओं ने डाले वोट, पुरुष पीछे



आयोग ने कहा कि चुनाव में महिला मतदाताओं की भागीदारी लगातार बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं ने पुरुषों की तुलना में अधिक भाग लिया। यह बेहद उत्साहित करने वाले परिणाम हैं। आयोग ने कहा कि लोकसभा चुनाव में 65.78 फीसदी महिला मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि 65.55 फीसदी पुरुष मतदाता इसमें शामिल हुए। वहीं 2024 में चुनाव लड़ने वाली महिला उम्मीदवारों की संख्या 800 रही जबकि 2019 में यह संख्या 726 थी।

**हर स्तर को किया शामिल**

रिपोर्ट में लोकसभा सीट, विधानसभा सीट, राज्यवार मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्रों की संख्या, राज्य और लोकसभा सीटवार मतदान, पार्टीवार वोट शेयर, लिंग-आधारित मतदान, महिला मतदाताओं की राज्यवार भागीदारी, क्षेत्रीय विविधताएं, निर्वाचन क्षेत्र की डेटा रिपोर्ट को शामिल किया गया है।

### थर्ड-जेंडर और दिव्यांग वोटरों का पंजीकरण बढ़ा

चुनाव आयोग ने कहा कि 2019 की तुलना में थर्ड-जेंडर मतदाताओं की संख्या में 46.4 फीसदी की वृद्धि हुई है। 2024 में 90,28,696 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हुए, जबकि 2019 में यह संख्या 61,67,482 थी। आयोग ने यह भी कहा 2019 में 540 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान हुआ था जबकि 2024 में केवल 40 मतदान केंद्रों पर ऐसा हुआ, जो कि कुल 10.52 लाख मतदान केंद्रों के मुकाबले 0.0038 प्रतिशत है।

बेंगलुरु में विधायक पर फेंके अंडे

# भाजपा नेता ने हत्या की साजिश बताया, राज्य सरकार जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

बेंगलुरु में बुधवार को भाजपा विधायक एन. मुनिरत्न नायडू पर अंडा फेंक कर हमला किया गया। घटना उस समय हुई, जब वह अपने समर्थकों के साथ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लक्ष्मी देवीनगर पहुंचे थे। वे पुलिस कर्मियों और अपने सुरक्षा कर्मचारियों के साथ एक कार्यक्रम खत्म करने के बाद अपनी कार की ओर जा रहे थे। तभी बदमाशों ने उन पर अंडे फेंके और मौके से भाग गए।



### उप मुख्यमंत्री ने कराया हमला

सूत्रों ने बताया कि उनके वाहन पर पत्थर भी फेंके गए। विधायक ने कहा कि उप मुख्यमंत्री शिव कुमार, उनके भाई और पूर्व कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने मुझ पर हमला कराया, क्योंकि वे कांग्रेस नेता कुसुमा हनुमंतरायप्पा को क्षेत्र का विधायक बनाना चाहते हैं।

# The Govt is committed to the welfare of journalists

- ▶ Warangal West MLA Naini Rajender Reddy
- ▶ Developing like a servant rather than a ruler
- ▶ Asking on social media doesn't do anything



Warangal, 26 December : Warangal West MLA Naini Rajender Reddy emphasized the government's commitment to journalists' welfare while laying the foundation stone for the construction of a wall at the Greater Warangal Press Club on Thursday. Addressing the gathering, he stated that development is a continuous process and assured that every colony in the constituency would be developed in due course.

MLA Naini Rajender Reddy also participated in a sports meet, along with Parakala MLA Revuri Prakash Reddy, where prizes were distributed to media professionals who excelled in various competitions.

He criticized the lack of development during the past decade under the leadership of the BRS and BJP parties, contrasting it with the progress achieved during the Congress government's tenure.

The MLA highlighted the state government's efforts to address financial challenges and fulfill the guarantees promised by the Congress government. He also emphasized that actions, rather than mere appeals on social media, are necessary for meaningful progress.

The event witnessed active participation from media representatives and other dignitaries.

# Government Medical Facilities Should Be Utilized

- ▶ Hanumakonda DMHO Dr. A. Appiah



Warangal, 26 December : Hanumakonda District Medical and Health Officer DMHO, Dr. A. Appiah, emphasized the importance of utilizing government medical facilities during his visit to the primary health center (PHC) in Atmakuru on Thursday.

Dr. Appiah personally examined the services offered to the elderly and conducted health tests on them. He also inspected the lab and pharmacy facilities at the center. Interacting with patients, he gathered feedback on the quality of services being provided.

The DMHO urged the public to make full use of government medical services available in the district. He highlighted that doctors are stationed in the dispensaries at Akkampeta and Peddapur villages to provide healthcare support. Additionally, Dr. Appiah pointed out the special "Health Woman Clinics" conducted every Tuesday, where eight types of medical services are offered specifically for women. He encouraged women to take advantage of these dedicated services. Dr. Narsinga Rao and the staff of the Primary Health Center were also present during the visit, actively participating in the program.

# Free Mega Medical Camp on the occasion of 100th Birth Anniversary of Former PM Bharat Ratna Shri Late Atal Bihari Vajpayee Ji at Darulshifa



Hyderabad : Today marks a significant occasion as a Free Mega Medical Camp is being conducted to Honor the 100th Birth Anniversary of Former Prime Minister Bharat Ratna Late Shri Atal Bihari Vajpayee at Maidan-E-Ghadeer, Darulshifa under the Charminar Assembly & Hyderabad Parliament Constituency parliament.

Organized by the BJP Medical Cell Telangana in collaboration with the Kamineni Hospital LB Nagar and Senior Leader of BJP Telangana, Mir Firasath Ali Baqri, this event aims to provide essential medical assistance to the community.

The Inauguration of the camp was conducted by Shri N Bhaskar rao Former Chief Minister of United Andhra Pradesh, accompanied by the Ex Minister Shri Krishna Yadav, Dr K Bhaskar Rao Co Convenor BJP medical cell Telangana State, Shri D Gangadhar AGM Kamineni Hospital, Shri Yadagiri PRO Kamineni Camp Incharge, Shri Rajashehkar BJP medical cell pharmacy esteemed presence of Shri Mir Firasath Ali Baqri, Shri V. Pandu Yadav, District President of Golkonda District, Charminar Assembly Convener Shri S Praveen Kumar, Shri Mohd Hashim Hussain, Shri Sridhar Yadav, Shri Satnarayan Venkatesh, Srimati Bhagvathi, T Veeramani actively engaging with patients, took the opportunity to understand their concerns and offered valuable advice to address their medical needs.This initiative reflects the commitment of the organizers to the well-being of the community and stands as a testament to the legacy of Former Prime Minister Atal Bihari Vajpayee.BJP Telangana Former State Spokesperson Mir Firasath Ali Baqri thanks to Kamineni Hospital for conducting Mega Medical Camp at Maidan-E-Ghadeer, Darulshifa, Under the Charminar Assembly Constituency, Hyderabad.

# Ramdas Athawale's birthday celebrated in Hyderabad



Republic Party of India (RPI) cadres organised a grand celebration of 66th birthday of RPI Chief and Central Minister for Social Justice and Empowerment and National President Ramdas Athawale at Jai Bheem Marg, Limgampally Chowrasta, Kachiguda, Hyderabad on Wednesday.At a programme at Jai Bheem Marg, Kachiguda road in Hyderabad the RPI party Telangana Vice President Gorakh Singh along with Vishnu Bahati (Advisor T.G), Ratna Prasad (General Secretary T.G),Mangilal Varma(OBC President T.G),Roja Rani (Mahila Incharge T.G) and many others cut a cake and extended greetings to the party chief.

# On 28th CPI(M-L) unveiled posters to win the New Democracies merger



Pragati Express Vikarabad : Posters were unveiled in Vikarabad today seeking victory in the merger meeting of the two CPI(M-L) New Democracy parties to be held at Sundarayya Vigyan Kendra, Hyderabad on December 28.

CPI(M-L) New Democracy District Secretary Y Mahender said on this occasion.. He said that it is a good development that the New Democracy parties, which split due to various reasons in 2013, want to merge today.

He criticized the bigoted BJP Modi government in the country for scaring the people with fascist policies, tying up the country's wealth to imperialist companies, creating discord between people in the name of religion and continuing anti-people rule.They felt that writers, intellectuals, artists and rights leaders were being tortured and detained in jail by making illegal cases. In such circumstances, all the revolutionary parties in the country should meet and integrate all the people.As part of that, CPI(M-L) New Democracy and two revolutionary parties are merging on December 28 at Sundarayya Vigyan Kendra, he said. People, democrats, activists of both New Democracy parties have been asked to attend the meeting on 28th and make Jayapradham. Leaders Ramulu, Prabhavathi, Srikanth, Geetha, Ashok and others participated in this program.

# BRS leader Errolla Srinivas gets bail

Hyderabad, Dec.26 (NSS): BRS party leader Errolla Srinivas was granted bail today by Nampally III ACJM court in the MLA Kaushik Reddy's case. The magistrate granted the bail to Srinivas after hearing the arguments of his counsel and asked him to submit a bond of 5000 along with two sureties.Speaking to media persons outside the court, Errolla Srinivas said justice prevailed in his case and alleged that the State government had filed false cases against him. "I will follow the court's orders. I would like to thank our party leaders KTR, Harish Rao and all the rank and file of our Party for supporting me," Errolla Srinivas said. He expressed his special thanks to the BRS party's Legal team for examining the case and working hard for securing the bail.Errolla Srinivas was produced before the Nampally court on Thursday afternoon. After hearing arguments from both sides, the court granted conditional bail to Srinivas. The court directed Errola Srinivas to cooperate with the investigation of the police.

# Sravan condemns illegal & oppressive actions of Revanth govt

Hyderabad, Dec.26 (NSS): BRS leader Dr Sravan Dasoju has strongly condemned the illegal and oppressive actions of the Revanth Reddy government, which have once again failed before the judiciary.Speaking on the release of Telangana activist, Osmania University Dalith student leader and former SC/ST Commission Chairman Errolla Srinivas, who was granted bail by the honourable courts, Dr Sravan stated that no amount of intimidation or police repression can stand before the principles of justice and democracy.Dr Sravan criticized the government, stating, "This is not a government of strength, it is a regime of fear, corruption, and a dictatorial mindset." From the common man to celebrities, everyone has been subjected to oppressive tactics aimed at silencing dissent and democratic rights. Had the Banjara Hills police acted in accordance with their constitutional duty and accepted the complaint filed by an MLA, this escalation could have been avoided. Instead of fulfilling their obligation, the police brazenly refused to register the complaint and, shockingly, resorted to filing an illegal case against the complainants, including Dr Errolla Srinivas."This incident is a glaring example of the police acting as mere puppets in the hands of the ruling government, misusing their authority to target Opposition voices. Such blatant abuse of power undermines the rule of law and erodes public trust in the system, raising serious concerns about the impartiality of law enforcement in Telangana. Errolla Srinivas's illegal detention is yet another example of the government's deep insecurity and desperation to stifle voices of truth."Dr Sravan thanked the judiciary for upholding the rule of law and delivering a decisive verdict that granted bail to Errolla Srinivas. He emphasized that this legal victory is a moral blow to the Revanth Reddy government, which has resorted to filing unconstitutional case.

# डीपो होल्डर ने नहीं दिया गांव रीठोडा के लोगों को राशन बदले मे की पिटाई



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** नूंह सरकार द्वारा गरीबों को हर माह दिए जाना वाला राशन अब काफी मंहगा पड़ रहा है। जहां पर गांव के डिपो होल्डर से पूरा राशन मांगने पर गरीब को गाली गलौच के साथ मारपीट व जातिसूचक शब्दों का सामना करना पड़ा। ऐसा की एक मामला नूंह खंड के गांव रिठौड़ा में सामने आया है। जिसमें शिकायतकर्ता अंकित व बॉबी ने गांव के डिपो होल्डर नजराना के पति अल्ताफपर आरोप लगाया कि वह बीते 24 दिंसबर को डिपो होल्डर से जब अपना राशन लेने गांव बड़वा में गए तो वह उनका अंगूठा जबरदस्ती लगवाने लगा जबकि पिछले नवंबर माह का राशन भी उनको नहीं दिया था। जिससे उन्होंने अंगूठा लगाने से मना कर दिया। इसके बाद डिपो होल्डर उनके साथ गाली गलौच व मारपीट करने के साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने लगा। और उनको धमकी देकर घर से बहार निकाल दिया। इस दौरान आरोपी अल्ताफने उनकी बाइक के शीशे भी तोड़ दिए। इस दौरान पीड़ितों ने डिपो होल्डर की शिकायत जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विभाग, रोजका मेव पुलिस थाना में शिकायत देकर उचित कार्रवाई की मांग की। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बृहस्पतिवार को जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विभाग के इंस्पेक्टर निकेश कुमार गांव में पहुंचे। उन्होंने लगभग 94 राशन कार्ड धारकों से जानकारी लेकर डिपो होल्डर पर कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए। एक और जहां जांच में डिपो होल्डर की काफी अनियिमिताएं सामने आई तो दूसरी और उन्होंने पीड़ितों से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। इस दौरान ग्रामीण हाकमदीन, गफूर, हाजी हिदायत, सत्तार, अरसीदा, जैतूनी, आकाश, अनिल व आशिष सहित अन्य ग्रामीणों ने उक्त डिपो होल्डर के पति पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर जल्द डिपो होल्डर का लाइसेंस रद्द नहीं किया गया तो वह इस मामले लेकर मुख्यमंत्री तक जाएंगे।

## जिला में अब तक करीब 4.84 लोगों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि जिला अब तक लगभग 4 लाख 84 हजार 187 आयुष्मान लाभार्थियों के कार्ड बनाए जा चुके हैं तथा लगभग तीन लाख 72 हजार 733 आयुष्मान लाभार्थियों के कार्ड बनाए जाने हैं। उन्होंने बताया कि जिला में 8 लाख 56 हजार 920 लोगों आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसकों जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आमजन से आह्वान किया कि जिला के सभी बुजुर्ग जिनकी आयु 70 साल या उसे अधिक है वे अपने आयुष्मान कार्ड अपने नजदीकी सर्विस सेंटर वा सरकारी अस्पताल में आकर जल्द से जल्द बनवा लें, ताकि भविष्य में उन्हें इलाज करवाने में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि जिला में अब आयुष्मान के अंतर्गत जिला सभी सरकारी व प्राईवेट अस्पतालों में इलाज ले सकते हैं। यदि किसी लाभार्थी को इलाज या अस्पताल संबंधी कोई समस्या शिकायत है तो वह टोल फ्री नंबर 1455 पर या सिविल सर्जन नूंह के कार्यालय लिखित शिकायत दर्ज करवा सकते है।

## शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर जजपा नेता ओ पी सिहाग ने किये श्रद्धा सुमन अर्पित



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पंचकूला, संदीप सैनी।** आज शाहिद उधम सिंह जयंती पर पंचकुला सेक्टर 5/11 चौक पर शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर जजपा नेता ओ पी सिहाग ने श्रद्धासुमन अर्पित करके उनको नमन किया तथा कहा कि शहीद उधम सिंह की बहादुरी एवं वीरता के किस्से हर भारतीय की यादों में समाये हैं । जजपा की तरफ शहीद उधम सिंह को कोटि कोटि नमन।

## निजी ब्लड बैंक बिना सीएमओ की मंजूरी के लगा सकेंगे रक्तदान शिविर, चारों तरफसे उठे विरोध के सुर

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने निजी ब्लड बैंकों को खुली छूट दे दी है। सरकार ने निजी ब्लड बैंकों के लिए रक्तदान शिविर लगाने के लिए सीएमओ से मंजूरी लेने की शर्त को हटा दी है। अब निजी ब्लड बैंक प्रदेश के किसी भी कोने में रक्तदान शिविर लगा सकेंगे। उधर, सरकार के इस फैसले के खिलाफ सामाजिक और सरकारी संस्थाओं ने मोर्चा खोल दिया है। फैसले को वापसी की मांग करते हुए सामाजिक संस्थाओं में तो निजी ब्लड बैंकों का साथ नहीं देने का एलान किया है और जल्द ही प्रदेशस्तरीय बैठक का बुलाई है। निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूशन काउंसिल की ओर से सभी सीएमओ को जारी पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के निजी लाइसेंस धारक ब्लड बैंक को रक्तदान शिविर लगाने के लिए सीएमओ को अग्रीम अनुमति की जरूरत नहीं है। केवल संबंधित सीएमओ को ब्लड कैंप के बारे में जानकारी देनी होगी। जबकि पहले निजी ब्लड बैंकों को 15 दिन पहले सीएमओ को पत्र लिखकर इसकी अनुमति लेनी होती थी। इस दौरान बकाया संबंधित ब्लड बैंक को अपनी क्षमता, उपकरणों और स्टाफकी जानकारी देनी होती थी। पत्र में ये भी कहा गया है कि इन ब्लड कैंपों में से एकत्रित होने वाले खून का 10 से 30 प्रतिशत अगर जरूरत होगी तो सरकारी ब्लड बैंक को देना होगा।

**एक साल में 5.50 लाख यूनिट एकत्रित होता है ब्लड**

हरियाणा में 42 सरकारी और 104 निजी ब्लड बैंक केंद्र हैं। सालाना हरियाणा में औसतन साढ़े पांच लाख यूनिट ब्लड रक्तदान शिविरों में एकत्र किया जाता है। इनमें से 3.46 लाख यूनिट रेडक्रास के माध्यम से एकत्र होता है, जबकि अन्य निजी केंद्रों द्वारा एकत्र होता है।

**तो महंगा पड़ेगी खून की कमी**

इस समय सरकारी अस्पताल में दाखिल मरीज को अगर खून की जरूरत है सरकारी ब्लड बैंक से निशुल्क मिल जाता है। अगर किसी निजी अस्पताल में दाखिल मरीज को खून की जरूरत है तो सरकारी केंद्र से 1100 रुपये प्रति यूनिट ले सकता है। लेकिन प्राइवेट केंद्र में एक यूनिट की फीस 1550 है। इसके अलावा सिक्योरिटी के नाम पर भी कुछ पैसे लिए जाते हैं। कई बार इमरजेंसी में मनमाने पैसे भी वसूलने की शिकायतें मिलती हैं। सरकारी ब्लड बैंकों के इंचार्ज भी इस फैसले के खिलाफ आ गए हैं। उनका कहना है कि अगर यह फैसला लागू हुआ तो सरकारी केंद्रों में ब्लड की कमी होगी और निजी ब्लड बैंक मनमाने पैसे वसूलेंगे। बहुत से निजी ब्लड बैंक नियमों का पालन नहीं करते। बिना अनुमति के प्रदेशभर में निजी ब्लड बैंकों में रक्तदान शिविर लाने की होड़ मचेगी। ऐसे में रक्तदाताओं को लालच भी दिया जा सकता है। खून की गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है। सरकारी ब्लड बैंकों में रक्त की कमी बढ़ेगी, जिसका गरीब आदमी को नुकसान होगा। जब तक सरकार इस आदेश को वापस नहीं लेती, तब तक अन्य जिलों से आकर शिविर लगाने वाले निजी ब्लड बैंकों की बजाय सरकारी ब्लड बैंकों के साथ ही शिविर किए जाएंगे। जल्दी ही इस विषय पर सामाजिक संस्थाओं की बैठक बुलाएंगे और सामूहिक निर्णय लेने का प्रयास करेंगे। - प्रीतपाल पन्नू, प्रधान, निफा (नेशनल इंटीग्रेटेड फॉर्म ऑफआर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट)

## प्रशासनिक कारण का हवाला दे रोडवेज सहायक का निलंबन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**अंबाला।** छावनी बस स्टैंड स्थित पास कार्यालय में कार्यरत रोडवेज सहायक अमित खुराना का निलंबन रहस्य बन गया है। रोडवेज अधिकारियों की मानें तो अमित का निलंबन कर पलवल हेडक्वार्टर में तबादला कर दिया। बताया जाता है कि चंडीगढ़ मुख्यालय की ओर से जारी किए निलंबन पत्र में प्रशासनिक कारण बताया गया है। मगर इस मामले में हैरानी की बात है कि आरोपित सहायक को यह पता ही नहीं है कि उसे किस मूल कारण से हटाया गया है। इसके साथ ही रोडवेज के अधिकारी भी यह नहीं स्पष्ट कर रहे हैं कि सहायक को हटाने का मूल कारण क्या है। इस मामले ने अब विभाग में चर्चा का माहौल गर्म कर दिया है।

**जीएम रोडवेज ने भेजा था डीओ लेटर**

रोडवेज कर्मचारी के निलंबन में बताया गया कि नवंबर महीने में महाप्रबंधक की ओर से मुख्यालय को भेजे गए डीओ का जिक्र किया गया है। इसके आधार पर सहायक को निलंबित किया गया है। सहायक पिछले लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहा है। ऐसे में असिस्टेंट के साथ क्या हुआ कि उसे बिना चार्जशीट के निलंबित कर दिया गया।

**परिवहन मंत्री के सामने करेंगे फरियाद**

इस मामले पर सहायक अमित से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पहले वह अंबाला शहर स्थित रोडवेज कार्यालय में स्थापित शाखा में काम कर रहे थे। चार दिसंबर को उनके आर्डर अंबाला छावनी पास कार्यालय में कर दिए गए। तब से वह अंबाला छावनी पास कार्यालय में क्लर्क का काम कर रहे थे। उन्हें तो पता ही नहीं कि उन्हें किस मामले में निलंबित किया गया है। इसे लेकर वह चंडीगढ़ निदेशक राज्य परिवहन विभाग, एसीएस और परिवहन श्रम और ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष अपनी बात रखेंगे। सहायक का कहना है कि उन्होंने हरियाणा रोडवेज को अपने 31 साल दिए हैं। इन 31 साल में उनके खिलाफकिसी भी तरह की कोई भी शिकायत नहीं आई। अब निलंबन को लेकर वह खुद हैरान हैं। मुख्यालय से असिस्टेंट के निलंबन के आदेश आए थे। इनमें प्रशासनिक कारण बताया है। ज्यादा मालूम नहीं हैं, इसके साथ ही असिस्टेंट का तबादला पलवल हेडक्वार्टर में कर दिया गया। अश्वनी डोगरा, महाप्रबंधक, अंबाला डिपो।

# सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर किया जाएगा सम्मानित : उपायुक्त

### विभिन्न क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाली बालिकाएं 10 जनवरी तक कर सकती हैं आवेदन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** हरियाणा प्रदेश की बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने पर राष्ट्रीय बालिका दिवस पर नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, जिसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025 है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा जानकारी देते हुए ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तर पर खेलकूद में 20 अवार्ड, सांस्कृतिक गतिविधि में 10 अवार्ड, सामाजिक कार्य में 2 अवार्ड, मीडिया एवं साहित्य में 2 अवार्ड, बहादुरी में 3 अवार्ड, दिव्यांग एवं विशेष बच्चें में 5 अवार्ड एवं चाइल्ड केयर संस्थान के बच्चों के लिए 5 अवार्ड घोषित किए गए है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मीरा कुमारी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन की शर्तों को पूरा करने वाली बालिकाएं अपना पूर्ण बायोडाटा, उपलब्धियों सहित अपना आवेदन 10 जनवरी 2025 तक जिला सचिवालय, नूंह के प्रथम तल पर स्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय के कमरा नंबर 221 में जमा करवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार दिए जाएंगे।

इन क्षेत्रों में सराहनीय उपलब्धियां प्राप्त करने वाली बालिकाएं होंगी सम्मानित

खेलकूद गतिविधिः राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी स्थान एवं जिला खेल एवं युवा विभाग द्वारा अनुशंसा की गई हो।

सांस्कृतिक गतिविधिः गाने, संगीत, नृत्य, फोक, कला, पेंटिंग एवं लेखन में अनुकरणीय उपलब्धि। इनमें राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रथम स्थान या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेना एवं जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी द्वारा अनुशंसा की गई हो।

सामाजिक कार्यः सामाजिक कार्यों, शिक्षा, पौधारोपण एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धि एवं उपायुक्त नूंह द्वारा अनुशंसा की गई हो।

मीडिया एवं साहित्यः मीडिया एवं साहित्य के क्षेत्र में अनुकरणीय उपलब्धि एवं उपायुक्त द्वारा अनुशंसा की गई हो।

बहादुरीः बहादुरी के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को भेजे गए नाम।

60 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग एवं स्पेशल बच्चे जो अधिकृत संस्था द्वारा जारी किया गया हो के द्वारा शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक कार्य, मीडिया एवं बहादुरी के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया गया हो। चाइल्ड केयर संस्थान में रहने वाली बालिकाओं द्वारा शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक कार्य, मीडिया एवं बहादुरी के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया गया हो।

## आज रात फिर से बदलेगा मौसम, दो दिन तेज हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि के आसार

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**हिसार।** हरियाणा के मौसम में वीरवार रात से फिर से बदलाव आएगा। इस दौरान दो दिन तेज हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि की संभावना रहेगी। वहीं, रविवार रात सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद बुधवार को रात के औसत तापमान में 2.4 डिग्री की गिरावट आई। साथ ही सुबह के समय कुछ जिलों में घना कोहरा भी छाया रहा। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि आने वाले दिनों में ठंड के और प्रचंड तेवर देखने को मिलेंगे। 26 दिसंबर को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पर्वतीय क्षेत्रों पर भारी बर्फबारी होगी, जबकि मैदानी राज्यों में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने के साथ ही साथ हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की गतिविधियों की संभावना बन रही है। इसके असर से शीत से गंभीर शीतलहर, कोहरा और ठंडे दिन की स्थिति देखने को मिलेगी। आने वाले दिनों में संपूर्ण उत्तरी भारत में हाड़कंपा देने वाली ठंड का सिलसिला देखने को मिलेगा। भारतीय मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो और 27 दिसंबर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**दक्षिणी जिलों में छाया घना कोहरा**

बुधवार को प्रदेश के दक्षिण जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा और दोपहर बाद तक धूप के दर्शन नहीं हुए। हालांकि बाकी जिलों में भी हल्की धूप निकली, जिस कारण सुबह के समय लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा। इस दौरान रात के औसत तापमान में 2.4 डिग्री की गिरावट आई। हालांकि दिन के औसत तापमान में 1.6 डिग्री की बढ़ोतरी हुई।

## फतेहाबाद जिला परिषद की बैठक में चेयरपर्सन और पार्षदों में जमकर हुई तकरार, आपस में उलझे पार्षद

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद जिला परिषद की सामान्य बैठक दोपहर साढ़े 12 बजे चेयरपर्सन सुमन खिचड़ की अध्यक्षता में शुरू हुई। बैठक शुरू होते ही हंगामा शुरू हो गया। जिला पार्षद पहले चेयरपर्सन से मुद्दों को लेकर उलझे। उसके बाद एक दूसरे से उलझ गए। पार्षद राकेश चोयल ने एजेंडे की कॉपी फेंक दी। गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि हम यहां अपने वार्ड के काम करवाने आए हैं। पिछली बार लिखकर दिए गए कार्य भी पूरे नहीं हुए हैं। जिला पार्षद अनूप कुमार व रमेश गढ़वाल ने भी कहा कि हम अपने वार्ड के काम देते हैं, वह हो नहीं रहे हैं। हम चुनकर आए हुए हैं, काम की बात रखना हमारा अधिकार है। इसके बाद आठ सदस्य बैठक का बहिष्कार करके बाहर चले गए। इस बैठक में पूर्व बैठक के एजेंडों की समीक्षा, पूर्व में जिला परिषद निधि से किए गए खर्चों का अनुमोदन, जिला परिषद विकास योजना वर्ष 2025-26 के अनुमोदन, बालिका पंचायत के गठन, पूर्व में



वित्त वर्षों में 15वें वित्त आयोग प्राप्त टाइड व अनटाइड ग्रांट की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने, विभिन्न ग्राम पंचायतों के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार जोहड़ों के सुधारीकरण हेतू अनुमोदन, विभिन्न गांवों में शहीद स्मारक का निर्माण करवाने, 28 दिसंबर, 2024 तक विभिन्न विकास कार्यों हेतू प्राप्त प्रस्तावों को पास करवाने सहित अन्य मुद्दों को रखा गया।

## कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न विषय पर जागरुकता शिविर का आयोजन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार के निर्देशानुसार प्राधिकरण की ओर से वीरवार को महिला केंद्र बड़कली व नूंह में महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न विषय पर जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, महिला पीएलवी व गांव की महिलाओं ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं को उनके कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचने तथा उनसे संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंड अधिकारी नेहा गुप्ता ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर विषय पर जानकारी देते हुए महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों व इसके व्यावहारिक अनुपालन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न जैसी घटना का सामना करना पड़ता है तो उन्हें पता होना चाहिए कि वे कैसे और कहां पर शिकायत कर सकती हैं और किस तरह की कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और यह सुनिश्चित करना था कि वे कार्यस्थल पर सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल में कार्य करें। सभी उपस्थित महिलाओं को इस विषय पर जानकारी देने के लिए संबंधित कानून से संबंधित पुस्तिकाएं भी वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा।

## महिला स्वास्थ्यकर्मी से साइबर ठगी मामले में आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पलवल।** महिला स्वास्थ्यकर्मी से करीब 40 हजार की ठगी मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार के अनुसार मामले में गहलब गांव निवासी सरोज ने साइबर ठगी होने पर एनसीआरपी पोर्टल पर दी अपनी शिकायत में बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि एक अनजान व्यक्ति ने फोन करके कहा कि उसका बेटा आईसीयू में भर्ती है और गलती से 40 हजार रुपये उसके खाते में ट्रांसफर हो गए हैं। ठग ने सरोज को विश्वास दिलाने के लिए मैसेज भेजा जिसमें पैसे क्रेडिट होने की फर्जी सूचना दी गई थी। ठग की बातों में आकर सरोज ने 9,995 रुपये की दो किश्तों में और 20 हजार रुपये अतिरिक्त भेज दिए। जब ठगी का एहसास हुआ तो पुलिस को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज जांच शुरू की गई। प्रभारी थाना ने बताया कि जांच अधिकारी एएसआई देवी सिंह ने ठगी में खातों के प्रयोग और साइबर तकनीक के आधार पर 23 अगस्त को गांव खेड़ला तहशील पुन्हाना जिला नूंह के रहने वाले शाहरुख को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

## जिला प्रशासन का एक ही ध्येय कोई भी फरियादी समाधान शिविर में शिकायत के निवारण के बिना न जाए वापस : उपायुक्त

**उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों संग कर रहे समस्याओं का समाधान**

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर नूंह जिला में समाधान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों पर संज्ञान लेकर प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। उपायुक्त जिला मुख्यालय पर सचिवालय सभागार में प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगने वाले समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करते हुए राहत पहुंचा रहे हैं, जिससे आमजन खुश हैं। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का एक ही ध्येय है कि जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आकर कोई भी फरियादी अपनी शिकायत का बिना समाधान करवाए वापस न जाए। गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर



में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के समक्ष उपस्थित हुए। उन्होंने एक-एक कर नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई 09 शिकायतें प्राप्त हुई, समाधान के लिए संबधित अधिकारियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए गए है। समाधान शिविर में एसडीएम प्रदीप अहलावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक राठीवास ने गांव उटोन में जन सुरक्षा कैंप का आयोजन किया

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** नूंह जिले के सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा राठीवास ने गांव उटोन में जन सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रवन्धक श्री सन्दीप यादव ने लोगों को प्रधानमन्त्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमन्त्री जीवन ज्योति बीमा योजना ,अटल पेंशन योजना, डिजिटल लेने देन में सर्तकता हेतु जागरूक किया। शाखा प्रबन्धक यादव ने इस अवसर पर अटल पेंशन, बैंक की बचत योजनाओं





, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान गोल्ड , कार लोन , जीवन बीमा , हेल्थ इंश्योरेंस के बारे में विस्तार से अवगत करवाया । ऋण की अदायगी समय पर करके बैंक की स्कीमों का फायदा ज्यादा से ज्यादा उठाना चाहिए। किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर इसकी समय पर अदायगी करके सब्सिडी का लाभ उठाना चाहिए ।इस अवसर पर शाखा प्रबंधक संदीप यादव ने सभी से अपील की की अधिक से अधिक लोग बैंक में खाते खुलवाएं और उन खातों में लेन-देने करना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों को बताया कि सभी अपना बचत खाता बैंक में खुलाए और छोटी छोटी बचत करने की आदत डाले।इस अवसर पर मो. आमिर, सकूल , अजरूद्दीन,हामिद, शाहरुख राजेंद्र , आदि उपस्थित रहे।

## सर्दियों में डेंगू से बचाव के लिए हर 15 दिन में फॉगिंग के निर्देश

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पलवल।** सर्दी के मौसम में डेंगू के खतरे को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. जयभगवान जाटान ने आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने सभी नगर परिषद और पंचायत अधिकारियों को हर 15 दिन में फॉगिंग कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए आवश्यक कीटनाशक दवाइयां जिला मलेरिया कार्यालय से स्वास्थ्य निरीक्षक रामअवतार से प्राप्त की जा सकती हैं। डॉ. जाटान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अब तक 10.93 लाख घरों में मच्छरों के लार्वा की जांच की है और 1607 घरों को नोटिस दिए हैं जहां लार्वा पाए गए। उन्होंने बताया कि पानी जमा होने से मच्छरों के अंडे देने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे डेंगू फैलने का खतरा होता है। आगे बताया कि घरों और कार्यस्थलों के आसपास पानी जमा न होने दें। यदि पानी निकासी संभव न हो, तो उसमें काला तेल डालें ताकि मच्छरों के अंडे नष्ट हो जाएं। उन्होंने कहा कि डेंगू और मलेरिया की जांच सिविल अस्पताल पलवल में मुफ्त उपलब्ध है।

## सुशासन दिवस पर कई विभाग सम्मानित

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**अंबाला सिटी।** सुशासन दिवस के अवसर पर पंचायत भवन में कई विभागों को राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा ने सम्मानित किया। जिला स्तर पर पहले स्थान पर शिक्षा विभाग, दूसरे पर जिला अग्रणी बैंक और तीसरे स्थान पर कृषि विभाग पर रहा। पहले तीन स्थानों पर आने वाले विभागों को 31 हजार, 21 हजार और 11 हजार रुपये दिए। तीनों ही विभागों ने शिकायतों से लेकर लोगों को आर्थिक रूप से मजबूती देने और विद्यार्थियों को बेहतर खुराक देने सहित कई क्षेत्रों में बेहतर कार्य किए हैं। इसलिए इन विभागों को चुना है। जिला प्रशासन की ओर से सुशासन दिवस को लेकर कार्यों की रिपोर्ट मांगी गई थी। इसके बाद विभागों को चुनाव हुआ।

**669 राजकीय स्कूलों में बनाया किचन गार्डन**

शिक्षा विभाग को सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जिले में 31 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार मिला। विभाग को राजकीय स्कूलों में बेहतरीन तरीके से बनाए किचन गार्डन के लिए यह पुरस्कार मिला है। यह गार्डन 669 राजकीय स्कूलों में बनाए हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि पिछले वर्ष से स्कूलों में किचन गार्डन बनाने को लेकर प्रक्रिया तेज हुई थी। इसके लिए कृषि विभाग से भी प्रशिक्षण दिलाया गया।

## सोनीपत में लगातार दूसरे दिन कांपी धरती, रिक्टर स्केल पर 2.6 रही तीव्रता, घरों से निकले लोग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**सोनीपत।** सोनीपत में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भूकंप का झटका महसूस किया गया। जिसके चलते लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र बिंदु सोनीपत के गांव किडौली में रहा। जहां रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.6 मापी गई। वीरवार सुबह 9 बजकर 42 मिनट 3 सेकंड पर भूकंप का झटका लगा। जिसका पता लगते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। लोग गलियों में आपस में भूकंप के बारे में ही बातचीत करते दिखाई दिये। इससे



पहले बुधवार दोपहर को 12 बजकर 28 मिनट 31 सेकंड पर भूकंप आया था। इसका सेंटर सोनीपत में खरखौदा के पास कुंडल गांव में 5 किलोमीटर गहराई में रहा था।

**चार से अधिक तीव्रता के भूकंप से हो सकता है नुकसान**

विशेषज्ञ कहते हैं कि सोनीपत में रिक्टर पैमाने का दूसरे दिन 2.6 तीव्रता का भूकंप आया है। इसमें जानमाल के नुकसान की आशंका कम होती है। अगर 4 से 5 रिक्टर स्केल तक भूकंप आता है तो इससे नुकसान की आशंका बढ़ जाती है। भूकंप की तीव्रता 5 से 5.9 के बीच होता है तो काफी नुकसान हो सकता है। इससे अधिक की तीव्रता से नुकसान बढ़ता जाता है। वीरवार को लगातार दूसरे दिन क्षेत्र में भूकंप के झटके लोगों को महसूस हुए है। जिसका केंद्र बिंदु गांव किडौली रहा। रिक्टर स्केल पर तीव्रता 2.6 रही। - डॉ.प्रेमदीप, मौसम वैज्ञानिक, केवीके सोनीपत

## मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम से वेद प्रचार एवं वेद भाष्य ग्रंथ वितरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वेद वह ज्ञान हैं, जिससे भारत विश्व गुरु बना। आज भी जब हम भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने की बात करते हैं, तो वेदों के ज्ञान का प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा वह पावन धरा है, जहां मां सरस्वती के तटों पर वेदों की ऋचाएं लिखी गई। ऐसे में गुरू द्रोण की धरती गुरूग्राम से वेद प्रचार एवं वेद भाष्य ग्रंथ वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ होना सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन का वैदिक ज्ञान एक महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

मुख्यमंत्री वीरवार को गुरूग्राम में वेद प्रचार एवं वेद भाष्य ग्रंथ वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वेदों पर अनुसंधान करने वाले विद्वानों ने माना है कि वेद हमारे धर्म, विज्ञान, कला, संगीत, चिकित्सा और दर्शन के मूल स्रोत हैं। वेदों का अध्ययन केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी बहुत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने संतो के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वेद वह परम पथ है, जिस पर चल कर सभी सुख-शान्ति प्राप्त कर सकते हैं।

प्राचीन ग्रंथों में छिपे ज्ञान के भंडार को युवा पीढ़ी तक प्रवाहित करने में सहायक सिद्ध होगा यह प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब इन प्राचीन ग्रंथों में छिपे ज्ञान के भंडार को आमजन और विशेष रूप से हमारी युवा पीढ़ी पढ़ व समझ सकेगी। यह प्रयास हमें अपनी जड़ों से जुड़ने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए यह गर्व और गौरव की बात है कि यह महान कार्य भारतीय सभ्यता का पालना रही वैदिक धरा हरियाणा में सम्पन्न हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि वेदों को हिन्दी में पाकर हरियाणा के लोग विशेष रूप से उत्साहित होंगे।

विश्व मे मानवता का प्रचार करने में हमारे वेद प्रमुख माध्यमः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व मे मानवता का प्रचार करने में हमारे वेद प्रमुख माध्यम है। वेद हमें मनुःभव का सन्देश देते हैं जिसका अर्थ है कि मनुष्य बनो और यह तभी संभव है। जब वेद हमारे जीवन का अंग बन जाएंगे। संसार के सभी मतों के लोग अपने-अपने मत का प्रचार करते हैं। परंतु यह हमारे वेद ही हैं जो हमें एक सच्चा इंसान बनने की शिक्षा देते हैं। मुख्यमंत्री ने वेदों के संदर्भ में प्रधानमंत्री के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये ज्ञान और विज्ञान का भण्डार हैं, जो आज भी मानवता का मार्गदर्शन करते हैं। ये हमें समरसता, समानता और प्रकृति सम्मान के मूल्य सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे वेदों में विज्ञान की बात भी है जो कि देश की सबसे बड़ी जरूरत है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण व युवाओं को नशे की कुरीतियों से दूर रखने के लिए सामूहिक सहयोग का आह्वान भी किया। इस अवसर पर विधायक बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर, मुकेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

# उपायुक्त अजय कुमार ने रिवाइजिंग अथॉरिटी के साथ की बैठक

**■ मतदाता सूची के संबंध में आने वाली दावे-आपत्तियों के निबटारे के संबंध मेंदिए आवश्यक दिशा- निर्देश**

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** गुरुग्राम के उपायुक्त अजय कुमार ने वीरवार को नगर निगम गुरुग्राम वमानेसर के लिए नियुक्त रिवाइजिंग अथॉरिटी के साथ बैठक की तथा मतदाता सूची के बारेआने वाली दावे-आपत्तियों के निपटारे के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में रिवाइजिंग अथॉरिटी अधिकारियों ने बताया कि वार्ड संबंधी आपत्तियां प्राप्त हो रही हैं, इसमें वोटरों का बूथ संबंधित वार्ड में होने की बजाय दूसरे वार्ड में आ रहा है। उपायुक्त ने इस मामले में कहा कि अगर यह मामला सही पाया जाताहै तो रिवाइजिंग ऑथोरिटी नियम -4 (6) के तहत इसे ठीक कर सकती है। इस तरह के आवेदनों कानिपटारा करने से पहले फील्ड में जांच जरूर करवाएं। इसके लिए संबंधित बीएलओ, निगम स्टाफकी संयुक्त टीम पूरी शिनाख्त करके रिपोर्ट दे। रिवाइजिंग अथॉरिटी संबंधित बीएलओ व निगम स्टाफके साथ बैठक करें तथा फील्ड रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लें। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक रिवाइजिंग अथॉरिटी के साथ बीएलओ, निगम जे ई व टैक्सब्रांच का कर्मचारी लगाया जाएगा। दरअसल प्रारंभिक ड्राफ्ट के आधार पर मतदाता सूची में संशोधन करवाने के लिए नए



वोट बनवाने, वोट कटवाने तथा शुद्धि करवाने के लिए निर्धारित प्रारूप में 23 दिसंबर तक संबंधित की ओर से फार्म जमा करवाए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपरोक्त चुनाव प्रक्रिया के संबंध में रिवाइजिंग अथॉरिटी के रूप में नगर निगम गुरूग्राम में 12, नगर निगम मानेसर में 5, नगर परिषद पटौदी -जाटौली मंडी और नगर पालिका फर्रुखनगर में एक - एक सक्षम अधिकारी की नियुक्ति की गई है। हरियाणा म्यूनिसिपल कारपोरेशन चुनाव नियम, 1994 के तहत 27 दिसंबर तक दावे और आपत्तियों के तौर पर जमा हुए सभी आवेदनों का सक्षम अधिकारियों द्वारा निपटारा किया जा रहा है। मतदाता को किसी निर्णय पर आपत्ति है तो वह 31 दिसंबर तक डीसी के समक्ष अपील कर सकता है। इन अपीलों का निवारण 3 जनवरी, 2025 तक कर दिया जाएगा। इसके बाद 6 जनवरी को नई मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। संशोधित मतदाता सूची के आधार पर निकाय चुनाव करवाए जाएंगे। इस दौरान बादशाहपुर एसडीएम अंकित चौकसे, सीईओ जिला परिषद जगनिवास, गुरुग्राम एसडीएम रविंद्र कुमार, सोहना एसडीएम होशियार सिहं, मानेसर एसडीएम दर्शन यादव, पटौदी के एसडीएम दिनेश लुवाच, अतिरिक्त श्रम आयुक्त कुशल कटारिया, रोडवेज जीएम प्रदीप अहलावत, के अलावा अन्य रिवाइजिंग अथॉरिटी के अधिकारी मौजूद रहे।

# जरावता ने पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के परिवार से मिलकर शोक जताया

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पटौदी, (सैनी)।** भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पटौदी सत्यप्रकाश जरावता ने वीरवार को डबवाली क्षेत्र के तेजाखेड़ा फार्म हाउस पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर शोक जताया और श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकाकुल परिवार अजय चौटाला, अभय चौटाला, चौधरी रणजीत सिंह व अन्य परिवार के सदस्यों को संवेदना जताते हुए सांत्वना दी। पूर्व विधायक जरावता ने कहा कि ओमप्रकाश चौटाला के निधन से हरियाणा सहित पूरे देश को गहरी क्षति हुई है। परमात्मा उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।



चौटाला जी भारत के महान किसान नेताओं में से एक थे। चौ. ओमप्रकाश चौटाला, सर छोटू राम, चौ. चरण सिंह और चौ. देवीलाल की विचारधारा के पथिक थे। उन्होंने उम्र भर गैर कांग्रेसवाद का झंडा बुलंद रखा और एनडीए के महत्वपूर्ण सहयोगी रहे। उनके निधन से भारतीय राजनीति में एक युग का अंत हुआ है। इस अवसर पर जरावता के साथ एससी मोर्चा फतेहाबाद जिला के अध्यक्ष विकास ललोधा, सिरसा जिला अध्यक्ष विनोद नागर व हिसार जिला अध्यक्ष राजकुमार सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# 51वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी-2024 का हुआ आगाज, हरियाणा राज्यपाल व शिक्षा मंत्री रहे मौजूद

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**सोनीपत।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि 51 वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में उद्घाटन का मैं स्वयं को गौरवान्वित कर रहा हूं। साथ ही वीर बाल दिवस पर साहिबजादों के बलिदान को नमन करता हूं। पहली बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिवस को वीर बाल दिवस मनाने का आह्वान किया है। देश के हर विद्यार्थी में यह सोच होनी चाहिए कि हम सभी भारतवासी है। नई शिक्षा नीति को देश में 2030 तो हरियाणा में 2025 से ही लागू करने का निर्णय लिया गया है। सभी को नई शिक्षा नीति, कृषि, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान विषयों पर आगे बढ़ना चाहिए। राई स्थित हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में वीरवार को छह दिवसीय 51 वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी-2024 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि के रूप में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित करके की। विश्वविद्यालय की छात्राओं ने गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि वैज्ञानिक प्रदर्शनी में हरियाणा से 50 विद्यार्थी शोध में भाग ले रहे हैं। तेलंगाना से 26, उत्तर प्रदेश से 24, जम्मू-कश्मीर से भी 25 विद्यार्थी सहित विभिन्न प्रदेशों से विद्यार्थी शामिल हुए हैं। हरियाणा की विरासत व संस्कृति क्या है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह हरियाणा की संस्कृति को भी सीखने का प्रयास करें। बच्चों को निरंतर शोध करते रहना चाहिए, असफलता पर कभी निराश नहीं होना चाहिए। छोटे विषयों पर भी ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम के बीच राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भाषण के बीच विद्यार्थियों से कई सवाल भी पूछे। साथ ही आर्य भट्ट, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, कल्पना चावला सहित कई उदाहरण देकर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया।

# समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनी 12 शिकायतें

**■ अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के दिए निर्देश**
**■ अपने क्षेत्र के एसडीएम को शिकायत दे सकते हैं जिलावासी**
**■ उपमंडल स्तर पर भी आयोजित किए जा रहे हैं समाधान शिविर**

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रविंद्र कुमार ने 12 शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का तत्परता से निदान किया जाना चाहिए। एसडीएम रविंद्र कुमार के समक्ष गुरुग्राम शहर व आसपास के गांवों से आए नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र, आपसी विवाद, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण आदि से संबंधित 12 शिकायतें रखी। देवीलाल कालोनी निवासी कुलदीप पासवान ने एसडीएम को बताया कि उसके परिवार पहचान पत्र में वास्तविक आय से अधिक आय दर्शाई है। इस संदर्भ में वह क्रिड के कर्मचारियों को बैंक स्टेटमेंट आदि सभी



तरह के प्रमाण दे चुका है। इसके बावजूद उसकी इनकम पीपीपी से कम नहीं की जा रही। इस पर एसडीएम ने शिकायत की जांच कर सही पीपीपी बनवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव पथरेड़ी निवासी सतबीर सिंह ने बताया कि उनके गांव में कुछ लोगों ने आम रास्ते को बंद कर दिया है। उनकी गली में 22 घर है और केवल साढे पांच फुट का रास्ता है। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। सरकारी रिकार्ड के अनुसार पैमाइश करवा कर इस रास्ते को पक्का बनवा दिया जाए तो इस समस्या का स्थाई समाधान हो सकता है। एसडीएम ने इस शिकायत को आवश्यक कार्रवाई के लिए मानेसर एसडीएम ऑफिस में भिजवा दिया है। एसडीएम रविंद्र कुमार ने कहा कि समाधान शिविर उपमंडल स्तर पर भी आयोजित किए जा रहे हैं। इसलिए पटौदी, बादशाहपुर व मानेसर एसडीएम ऑफिस से संबंधित कोई शिकायत है तो नागरिक वहीं जाकर इसे दर्ज करवाएं। उनको गुरुग्राम लघु सचिवालय में आने की आवश्यकता नहीं है। उपमंडल स्तर पर भी किसी शिकायत का समाधान नहीं हो रहा है तो नागरिक इसे जिला मुख्यालय पर आयोजित किए जा रहे शिविर में रख सकते हैं। इस अवसर पर एचएसवीपी के एसडीओ अजमेर सिंह, जीएमडीए के एसडीओ बलराज, शिक्षा विभाग से अधीक्षक अनिल चौधरी, श्रम निरीक्षक प्रदीप कुमार, कर्मवीर इत्यादि मौजूद रहे।

# बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक होगी 30 दिसंबर को

**● एडीसी हितेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित होगी बैठक**

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** बैंक अधिकारियों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति व परामर्शदात्री समिति की बैठक 30 दिसंबर को दोपहर पौने दो बजे लघु सचिवालय सभागार में एडीसी हितेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अशोक कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हर तीन माह के बाद बैंक अधिकारियों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाती है। इस बार यह बैठक 30 दिसंबर सोमवार को दोपहर 1.45 बजे लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक में केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार की बैंकों के माध्यम से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जाती है। जिसमें बैंक अधिकारी यह रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं कि उनके बैंक में इन योजनाओं के तहत कितने लाभ पात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है और कितने मामले अभी लंबित पड़े हुए हैं। एडीसी ने निर्देश दिए हैं कि इस बैठक में प्राइवेट व सरकारी सभी बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक या वरिष्ठ प्रबंधक अवश्य उपस्थित रहें। किसी बैंक का अधिकारी इस मीटिंग से अनुपस्थित नहीं होना चाहिए। बैंक अधिकारियों के अलावा नाबार्ड, पशुपालन विभाग, खादी बोर्ड निगम, जिला उद्योग केंद्र, एमएसएमई, नगर निगम आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# महाकुंभ में बुकिंग के नाम पर हरियाणा से चल रही होटल कान्हा श्याम की फर्जी वेबसाइट

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**प्रयागराज।** महाकुंभ में शहर के नामी होटल में बुकिंग के नाम पर आए दिन पर्यटकों को ठगी को शिकार बनाया जा रहा है। होटल कान्हा श्याम के नाम से भी चल रही फर्जी वेबसाइट को लेकर साइबर पुलिस को अहम सुराग मिला है। पुलिस की जांच में पता चला है कि यह साइट हरियाणा से ऑपरेट की जा रही है। जल्द ही पुलिस फर्जी वेबसाइट चलाने वाले को गिरफ्तार कर सकती है। 16 दिसंबर को होटल कान्हा श्याम के महाप्रबंधक रुपेश कुमार सिंह ने उनके होटल के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर बुकिंग करने पर सिविल लाइंस थाने में केस दर्ज कराया था। मामले की जांच साइबर पुलिस कर रही है। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने डोमेन कंपनी को मेल के माध्यम से पूछा था कि उक्त वेबसाइट किस शहर से संचालित हो रही है। साथ ही होस्ट करने वाले के बारे में भी जानकारी मांगी गई थी। बताया गया कि जांच में पुलिस को पता चला है कि यह वेबसाइट हरियाणा के एक शहर से होस्ट की जा रही है। बहरहाल, आरोपी ठग के फरार होने की आशंका पर पुलिस अपराधी का नाम और शहर में बताने में बच रही है। बताया जा रहा है कि जल्द ही मामले में आरोपी की गिरफ्तारी हो सकती है।

**अभी तक खुल रही वेबसाइट**

हैरानी की बात है कि होटल कान्हा श्याम के नाम पर बनी वेबसाइट अभी तक कंप्यूटर में आसानी से खुल रही है। इस पेज में बुकिंग से लेकर होटल संबंधी कई जानकारियां डाली गई है। महाकुंभ में होटल बुकिंग करने पर कोई भी इस वेबसाइट के झांसे में आसानी से फंस सकता है।

**अबतक 54 वेबसाइट को बंद करने का दावा**

नवंबर माह में महाकुंभ में टेंट बुकिंग के नाम पर आदि वेबसाइट से ठगी की शिकायत मिलने पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज किया था। वहीं, अब साइबर पुलिस का दावा है कि फर्जी वेबसाइट से चल रहे ठगी के खेल को बंद कर दिया गया है। अब तक लगभग 54 वेबसाइट बंद की गई हैं।

# बिलासपुर फ्लाई ओवर निर्माण शीघ्र कराने की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत से मिले बहोड़ाकलां वासी

**● गुरुग्राम पटौदी रेवाड़ी नैशनल हाइवे निर्माण को गति देने की मांग**
**● राव इंद्रजीत सिंह ने ग्रामवासियों को दिया आश्वासन**

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पटौदी, (सैनी)।** बिलासपुर फ्लाईओवर के निर्माण कार्य को शुरू कराने और गुरुग्राम पटौदी रेवाड़ी नेशनल हाइवे के कार्य को गति देने को लेकर बहोड़ाकलां के ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को मांगपत्र सौंपा। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मिलने वीरवार को रेवाड़ी के रामपुरा हाउस पहुंचे ग्रामीणों को उन्होंने आश्वासन दिया है। पटौदी की विधायक बिमला चौधरी के नेतृत्व राव इंद्रजीत सिंह से मिले बहोड़ाकलां वासियों ने कहा कि बिलासपुर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है। पटौदी आने के लिए दिया गया रास्ता टूटा फूटा पड़ा है। उसमें गड्ढे बने हुए है। इस पर राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पिछले



ठेकेदार के भाग जाने से विलंब हुआ है। नए टेंडर छोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। रास्ता ठीक करने को लेकर विधायक बिमला चौधरी जिला उपायुक्त से बात करेंगी। इस अवसर पर लोगों ने उन्हें गुरुग्राम पटौदी रेवाड़ी हाइवे को गति देने। होडल से कुलाना तक के रोड़ को चार लेन का बनाने व पटौदी में बाईपास बनाने की मांग की। इस पर राव इंद्रजीत सिंह ने विधायक बिमला चौधरी से कहा कि इस मुद्दे पर वें मुख्यमंत्री से बात करें। होडल कुलाना रोड़ को बढ़ाकर नेशनल हाइवे 352-डी से दादरी में मिलाने को लेकर उन्होंने कहा कि वे इसकी फिजीबिलिटी चेक करवाएंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता महेश सैनी, रामभूल प्रधान, डा. सुरेश सैनी, हरीश सैनी व नरेश चौहान सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# दादरी में दो पक्षों के बीच हुआ जमीनी विवादः आठ लोग हुए घायल, कादमा में बुधवार रात हुई घटना

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**दादरी।** चरखी-दादरी के कादमा गांव में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद हो गया, जिसमें आठ लोग घायल हुए हैं। झोझूकलां थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हमले में प्रयोग की गई कुल्हाड़ी, डंडे, लोहे के सरिये और अन्य हथियार बरामद कर जांच शुरू कर दी है। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर सबूत एकत्र किए। बता दें कि कादमा गांव में दो पक्षों के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है। बुधवार रात दोनों पक्ष आमन-सामने हो गए और उनके



बीच जमकर कुल्हाड़ी, डंडे व लोहे के सरिये चले। पुलिस सूत्रों की मानें तो झगड़े में एक पक्ष से पांच और दूसरे से तीन लोग घायल हो गए। वहीं, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची झोझूकलां थाना पुलिस टीम ने घायलों को दादरी सिविल अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। वहीं, वीरवार सुबह एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल पर पड़े हथियार भी बरामद किए।

# पांच नगर निगमों में मेयर पद आरक्षित; फरीदाबाद और मानेसर को महिला जनरल पद के लिए रिजर्व किया

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**हरियाणा।** हरियाणा शहरी निकाय विभाग ने नगर निगमों में मेयर पद आरक्षित कर दिए हैं। इसके मुताबिक गुरुग्राम नगर निगम मेयर पद पिछड़ा वर्ग ए, फरीदाबाद महिला जनरल, रोहतक एससी वर्ग, यमुनानगर एससी वर्ग, मानेसर जनरल (महिला) पद के लिए रिजर्व किया गया है। इन नगर निगमों में फरवरी तक चुनाव प्रस्तावित है। इन नगर निगमों में वार्ड पहले ही आरक्षित किए जा चुके हैं। वहीं, अंबाला नगर निगम एससी के लिए आरक्षित है और हिसार नगर निगम के मेयर की सीट जनरल है।

नगर परिषद और पालिकाओं के




**आरक्षण की सूची जारी**

हरियाणा में नगर परिषद और पालिकाओं के चुनावों के लिए आरक्षित सीटों की सूची जारी कर दी गई है। इस सूची के अनुसार विभिन्न वर्गों को आरक्षण प्रदान किया गया है, जिनमें अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जाति महिला (एससी-डब्ल्यू), पिछड़ा वर्ग (बीसीए और बीसीबी), और महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें शामिल हैं।

आरक्षण के अनुसार सीटों का विवरण

एससी (अनुसूचित जाति):
अंबाला सदर
थानेसर
पटौदी
खरखौदा
सिरसा

एससी-डब्ल्यू (अनुसूचित जाति महिला)
अंबाला सदर
थानेसर

बीसीए (पिछड़ा वर्ग-ए)
टौरू (डब्ल्यू)
इंद्री

बीसीबी (पिछड़ा वर्ग-बी)
पुंडरी (डब्ल्यू)

जनरल (डब्ल्यू) जनरल महिला
सीवान
सिवानी
कनीना
हथीन
कलानौर

# बीएसएनएल ने लॉन्च किया इंट्रानेट फाइबर टीवीः मनोरंजन में क्रांतिकारी बदलाव

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने अपने अत्याधुनिक इंट्रानेट फाइबर टीवी (आईएफटीवी) सेवा की शुरुआत की घोषणा की है, जिसका इस्तेमाल करके फाइबर कनेक्शन ग्राहक बहुत ही शानदार मनोरंजन का अनुभव कर सकते हैं। इस घोषणा की जानकारी गुरुग्राम में आयोजित एक प्रेस मीट में दी गई, जिसकी अध्यक्षता श्री सुरेश कुमार, प्रधान महाप्रबंधक (पीजीएम), वाणिज्य क्षेत्र, गुरुग्राम ने की। उन्होंने मीडिया को बताया कि बीएसएनएल फाइबर ग्राहक अब 500 से अधिक




लाइव चौनलों का आनंद हाई-डेफिनिशन (एचडी) के साथ बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के ले सकते हैं, इसके लिए उनको केवल स्काईप्रो आईएफटीवी ऐप इंस्टॉल करने की आवश्यकता है। इसके लिए किसी डीटीएच कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होगी। बीएसएनएल गुरुग्राम ने गुरुग्राम क्षेत्र के साथ साथ दिल्ली के निकटवर्ती क्षेत्र जैसे की पालम, कापसहेड़ा और अंधेरिया में फाइबर सेवाओं का विस्तार कर लिया है व् अन्य निकटवर्ती क्षेत्रों में विस्तार कार्य जारी है अपने संबोधन के दौरान, श्री सुरेश कुमार, पीजीएम बीए गुरुग्राम, ने नवाचार और विस्तार के माध्यम से ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के प्रति बीएसएनएल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, आईएफटीवी की शुरुआत और एफटीटीएच सेवाओं के विस्तार हमारी ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक और किफायती समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने क्रिसमस और नव वर्ष पर गुरुग्राम और मेवात के सभी निवासियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सुभाष चंद्र डीजीएम, शेखर रोय एजीएम, गोरव गर्ग एजीएम आदि उपस्थित थे।

# मॉडल टाउन में कारोबारी के आवास पर आयकर विभाग की रेड, सुबह आठ बजे घर पहुंची टीम




मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**यमुनानगर।** यमुनानगर के मॉडल टाउन यमुनानगर में रह रहे एक बड़े कारोबारी के आवास पर आयकर विभाग की टीम ने रेड की। टीम ने कोठी को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कुछ दस्तावेज भी कब्जे में लिए गए हैं। टीमों ने कोठी को पूरी तरह से अपने कब्जे में ले लिया।बताया जा रहा है मॉडल टाउन यमुनागनर में बारदाना कारोबारी का आवास है। जहां पर वीरवार सुबह को ही आयकर विभाग की टीम पहुंची और कोठी को अपने कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि कारोबारी का पंचकूलां स्थिति आवास पर भी छापेमारी की गई है। कारोबारी का प्रॉपर्टी और बिल्डिंग का कारोबार है। टीमों ने कुछ दस्तावेज भी अपने कब्जे में लिए हैं। दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। उधर, रेड के दौरान बड़ी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई है।

# उम्र हो गई अब आराम करो, बावरिया द्वारा जिला प्रभारियों की लिस्ट रोकने पर ली चुटकी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**भिवानी।** राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कांग्रेस व हुड्डा को निशाने पर लिया है। किरण ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा को उनकी उम्र का लिहाज करते हुए आराम करने की सलाह तक दे डाली है। साथ की कांग्रेस को ईवीएम की बजाय अपनी अंदरूनी फूट से निपटने को कहा है। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी वीरवार को अपने विजय नगर आवास पर मीडिया से रूबरू हुई। किरण ने हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान द्वारा जारी की गई जिला प्रभारियों की लिस्ट प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया द्वारा रोके जाने पर अपने पुराने अंदाज में हुड्डा को निशाने पर लिया। किरण ने कहा कि ये तो होना ही था। पहले इनके निशाने पर मैं रहती थी। अब मैं नहीं रही तो इनकी आपसी लड़ाई सामने आ गई। किरण ने हंसते हुए हुड्डा को उम्र के हिसाब से अब आराम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अच्छा होता हुड्डा नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए किसी नए नेता को मौका देते तो नई उर्जा आती। पर उन्हें आज भी सरकारी कोठी व गाड़ी दिखती है। वहीं किरण चौधरी ने आरोप लगाया कि हरियाणा




में हार के बाद कांग्रेस ईवीएम पर ठीकरा फेड़ती है। जबकी जहां कांग्रेस जीत जाती है वहां चुप रहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ईवीएम की बजाय अपनी अंदरूनी फूट पर ध्यान देना चाहिए। किरण ने बाबा साहब को लेकर कांग्रेस के विरोध पर भी निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस ने अंबेडकर को लेकर कभी कुछ नहीं किया। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब को संविधान से छेड़छाड़ की। बनी बनाई सरकारों को तोड़ा गया और आपातकाल लगाया गया। अब कांग्रेस अपनी इस कमी को छिपाने के लिए नौटंकी कर रही है। इस दौरान किरण चौधरी ने संसद के बाहर भाजपा व कांग्रेस नेताओं में हुई धक्का मुक्की पर भी कांग्रेस की गलती बताई। किरण ने कहा कि कांग्रेस ने ऐसा कर देश हित में पेश होने वाले कई बिल व कानूनों को हंगामे की भेंट चढ़ा दिया। साथ की उन्होंने एक देश, एक चुनाव तथा एक देश, एक कानून को लिए लाए जा रहे बिल को सही बताया।

# Redmi Note 12 Pro+ 5G India Price, RAM and Storage



Redmi Note 12 Pro+ 5G price in India along with RAM and storage configurations have been leaked online ahead of the smartphone's launch in India on January 5. The upcoming Redmi Note 12 Pro+ 5G is tipped to come in three RAM and storage options with up to 12GB of onboard memory and up to 256GB of storage. It is said to go on sale starting January 11. The Redmi Note 12 Pro+ 5G is confirmed to feature a 200-megapixel triple rear camera unit. The handset was launched in China in October alongside the Redmi Note 12 and Note 12 Pro. Redmi Note 12 Pro+ price in India (rumoured) Tipster Paras Guglani (@passionategeekz) tweeted the India price details and specifications of the Redmi Note 12 Pro+ 5G on Monday. According to him, the Redmi handset will be priced between Rs. 24,999 for the base 6GB RAM + 128GB storage model. The 8GB RAM + 256GB storage variant costs Rs. 26,999, while the 12GB RAM + 256GB storage model could be priced at Rs. 28,999. These prices are said to include bank offers. It is tipped to go on sale starting January 11. The Redmi Note 12 Pro+ 5G was launched in China in October with a starting price tag of CNY 2,099 (roughly Rs. 23,000) for the 8GB RAM + 256GB storage variant. It will be launched in India on January 5.Redmi Note 12 Pro+ specifications (expected) The Chinese variant of Redmi Note 12 Pro+ runs on MIUI 13 and features 6.67-inch full-HD (1,080x2,400 pixels) OLED display with up to 120Hz refresh rate. It is powered by an octa-core 6nm MediaTek Dimensity 1080 SoC with a Mali-G68 GPU, coupled with up to 12GB LPDDR4X RAM. For optics, Redmi Note 12 Pro+ has a triple rear camera setup that includes a 200-megapixel primary sensor with OIS capabilities, an 8-megapixel ultra-wide-angle camera, and a 2-megapixel macro lens. For selfies and video chats, there is a 16-megapixel sensor at the front. It is backed by a 5,000mAh battery with support for 120W fast charging.

# Vivo announces offers



On the occasion of Christmas and New Year, Vivo has announced discounts, offers and cashback on its select handsets in India. These smartphones include Vivo V25 series, Vivo Y75, and Vivo Y35. Notably, these offers are now live across all mainline channels and will be applicable till December 31. Also Read - India should protect Vivo's legitimate rights and interests, says Chinese state media For the unversed, Vivo V25 series comes with colour-changing back panel (when exposed to sunlight) and the other two, Vivo Y75 and Vivo V35 are mid-range smartphones that were launched in India earlier this year. Also Read - Xiaomi, Oppo, Vivo may move some export production from China to India Vivo announces offers on Vivo V25, Vivo Y75, Vivo Y35 Vivo V25 series Vivo V25 Pro was launched at a starting price of Rs 35,999. Buyers can get Rs 2,500 cashback on all storage variants of Vivo V25 Pro 5G via ICICI Bank and SBI Bank cards. It comes in Sailing Blue and Pure Black colour variants. As for Vivo V25, customers will get Rs 2,000 cashback on ICICI Bank and SBI Bank cards. For the unversed, Vivo V25 was launched in India at a starting price of Rs 27,999. It is launched in Surfing Blue and Elegant Black colour variants. Customers can get up to Rs 1,000 cashback on ICICI and SBI Bank cards. The smartphone was launched at a starting price of Rs 20,999 for the 8GB + 128GB model in India. It comes in Starlight Black and Glowing Galaxy colour

# Lava X3 entry-level smartphone launched



After some promotion online, the Lava X3 has been fully revealed on Amazon. The smartphone's price has been revealed and it's going up for pre-booking next week. Also Read - Lava X3 entry-level phone to go on pre-orders next week: Check price and specs Some of its highlights include a MediaTek chipset, dual cameras, and a 4,000mAh battery. It also has a physical fingerprint scanner and is priced under Rs 10,000. Also Read - Lava Blaze NXT first sale is now live on Amazon: Check price, offers Lava X3 India price, colors, and prebooking details The Lava X3 comes in the entry-level segment priced at Rs 6,999 for the lone variant with 3GB of RAM and 32GB of internal storage. It has three color options to choose from – Arctic Blue, Luster Blue, and Charcoal Black. Also Read - Lava Blaze NXT launched with Helio G37 SoC and 5,000mAh battery The device will go on pre-booking period from December 20 and those who pre-book it early will get a free pair of Lava ProBuds N11 neckband earbuds. Lava X3 specifications and features The Lava X3 sports a modest design having a waterdrop notch panel and a dual rear camera system. It has a 6.53-inch IPS LCD screen with HD+. It has thin bezels on three sides including the top and sides, at the bottom, however, it has a thick thin that's totally noticeable. As for the optics, it has a 5MP single shooter on the front for taking selfies. On the rear, it has a dual camera setup with an 8MP main lens and an AI sensor. It also has an LED flash for helping with night photography. Under the hood, it is powered by the MediaTek Helio A22 quad-core chipset paired with 3GB of RAM and 32GB of internal storage. It packs a 4,000mAh battery with support for 10W charging. The device boots on Android 12 Go Edition out of the box. It has dual-SIM 4G support and comes with Wi-Fi, Bluetooth, and GPS functionalities. It has a 3.5mm headphone jack for audio and a USB Type-C port for charging and data transfer. There's a fingerprint scanner on the back for security.

# Fortnite maker Epic Games to pay $520 million fine




The US Federal Trade Commission (FTC) on Monday said it has reached a $520 million settlement with Epic Games, creator of the popular video game Fortnite, over allegations that the company violated the Children's Online Privacy Protection Act (COPPA) and deployed design tricks, known as dark patterns, to dupe millions of players into making unintentional purchases. Also Read - Fortnite Battle Royale Chapter 4 Season 1 arrives on PS5, Xbox: Here's what's new Fortnite made over $9 billion during its first two years in existence. Epic will pay a $275 million penalty for violating children's privacy law, change default privacy settings, and pay $245 million in refunds for tricking users into making unwanted charges. "As our complaints note, Epic used privacy-invasive default settings and deceptive interfaces that tricked Fortnite users, including teenagers and children," said FTC Chair Lina M. Khan. Also Read - Fortnite Chapter 3 Season 4 update: Spider Gwen, Chrome abilities, more "Protecting the public, and especially children, from online privacy invasions and dark patterns is a top priority for the Commission, and these enforcement actions make clear to businesses that the FTC is cracking down on these unlawful practices," Khan said in a statement. Also Read - Fortnite Chapter 3 Season 4 is coming: Here's what we know so far Epic's video game Fortnite is generally free to download and play but charges users for in-game items such as costumes and dance moves. The game has more than 400 million users worldwide. The FTC alleged in two separate complaints that North Carolina-based Epic engaged in several unlawful practices. In a complaint filed in a federal court, the FTC alleged that Epic violated the COPPA Rule by collecting personal information from children under 13 who played Fortnite, a child-directed online service, without notifying their parents or obtaining their parents' verifiable consent. Epic also violated the FTC Act's prohibition against unfair practices by enabling real-time voice and text chat communications for children and teens by default. "The Justice Department takes very seriously its mission to

# Realme Golden Festival sale




Realme has announced a 'Golden Festival' sale is now live on Amazon India, Flipkart and Realme.com. During the ongoing sale, buyers can get discounts and offers on Realme smartphones, wearables, laptops, AIOT devices and smart TVs. As per the company, customers can get up to Rs 12,000 off on Realme products. Also Read - BGR Tech Excellence Awards 2022: Winners in the smartphone category Realme announces 'Golden Festival' sale: Check offers on smartphones Realme 9i Also Read - BGR.in hosts Tech Excellence Awards 2022: Check entire list of winners here Launched at Rs 13,499, Realme 9i 4G is now selling at an effective price of Rs 8,999. This price is including the bank offer and exchange offer. The discount is available on all the storage variants. Also Read - BGR Tech Excellence Awards 2022: Xiaomi OLED Vision TV becomes the 'Best Smart TV of the year' Realme Narzo 50, Narzo 50 5G and Narzo 50 Pro Realme Narzo 50, Realme Narzo 50 Pro and Realme Narzo 50 5G are available at a discount of Rs 2,000 and are selling at Rs 10,999, 19,999 and Rs 13,999 respectively. Realme C30 Realme C30 is available at a starting price of Rs 8,999 on Flipkart. It is selling at a discount of Rs 1,250, during the ongoing sale. Realme Golden Festival: Best deals on laptops, tablets Realme Book Slim with Intel i5 chipset is available at a discount of Rs 12,000. It is selling at Rs 47,999 on Flipkart. On the other hand, the Realme Book Slim with the Intel i3 is available at Rs 37,999, down by Rs 9,000. Realme Pad Mini (4GB RAM, WiFi) is available at a discount of Rs 2,000, during the ongoing Realme sale. Realme Pad Slim (3GB) is selling at Rs 11,999 on Flipkart, down by Rs 2,000. As per the company, AIOT products are also available on huge discount offers including Rs 1,000 off on Realme Smart TV 43″ FHD New and Rs 200 off

# The best you can buy this Year



Looking to treat that special tech-savvy someone in your life? Or maybe you just want to treat yourself? Either way, the OnePlus Nord is the perfect gift for this holiday season. This phone has all the bells and whistles you need—without breaking the bank. OnePlus has come a long way since its establishment nine years ago, and it is celebrating in style! Starting on December 13th, users of OnePlus devices can take advantage of discounts across their range of 5G-ready smartphones, smart TVs, audio products, wearables, and their new series of monitors. With these exciting offers available, there has never been a better time to invest in OnePlus! If you're looking for powerful technology that allows for smooth connectivity and lag-free streaming of your favorite music or movies – then experience the world with OnePlus. Let's look at why this is the only choice for an end of year gift! The OnePlus Nord 2T: The Perfect New Year Gift! The OnePlus Nord 2T packs a powerful punch with its features and specs. It comes equipped with a MediaTek Dimensity 1300, 8GB/12GB RAM, 128/256GB storage, and a massive 50MP triple camera system. That means you'll always have plenty of power to do whatever you need to do on your phone, whether that's streaming movies or playing games. You can also capture stunning photos thanks to the impressive triple camera system. The OnePlus Nord 2T isn't just about what it can do, but also how it looks. With its sleek design and 6.43″ FHD+ AMOLED display, this phone is powerful and beautiful. Whether you're showing off pictures or streaming movies, everything will look amazing on this phone's vibrant display. And if you want to use your phone for extended hours, you can use the included 80W SUPERVOOC to quickly charge up your device in no time and keep using it for hours without worrying about battery life. But perhaps best of all is that the OnePlus Nord 2T comes at an incredibly affordable price point than other flagships on the mar-

# Infinix Zero Book Ultra with Intel Core i9 to launch in India




Infinix on Tuesday (December 20) launched the Zero Ultra and Zero 20 4G in the Indian market. Both phones offer a solid specs sheet and are priced aggressively. At the same event, the brand confirmed that it will soon launch a high-end laptop dubbed Infinix Zero Book Ultra. Also Read - Infinix Zero Ultra with 200MP camera, Infinix Zero 20 launched in India: Price, specs, more As the name suggests, it will be from the brand's premium range. It is confirmed to come with Intel's Core i9 processor. The design and other details have also been revealed, let's take a look. Also Read - Infinix Zero Ultra 5G to launch in India on December 20: Expected specs, price and more Infinix Zero Book Ultra could launch next month in India, a 5G phone may accompany Infinix has confirmed that it will soon launch the Zero Book Ultra in India. The exact launch date isn't confirmed but it is expected to arrive in January 2023, that's just next month. Also Read - Infinix Hot 20 5G first sale is live: Check price, offers, and specs The brand is also expected to launch a 5G phone in the budget segment around the same timeline. It could be called the Infinix Zero 20 5G. Let's keep the phone aside for now. The highlight of the forthcoming launch event will be the Zero Book Ultra, which was showcased at the event that took place on Tuesday. Infinix Zero Book Ultra expected specs The Infinix Zero Book Ultra will come with a Silver matte finish and have a strip-like design. It will also have the 'Zero' branding which will make it look more aggressive. Infinix has confirmed that it will come with an Intel Core i9 processor. It will likely have the Intel Core i9-12900H chipset paired with Iris Xe graphics. The laptop will feature a 15.6-inch display with a Full HD resolution with 400 nits of brightness. It will have a backlit keyboard and also come with a fingerprint scanner. It will have a quad-speaker setup and dual-array microphones. The laptop is expected to come with up to 32GB of LPDDR5 RAM and 1TB of SSD storage. Since it will be a premium-range laptop, it will also have dual fans and a heat dissipation system. It will pack a 70Wh battery with support for 100W fast charging. It will boot on Windows 11. The price of the Zero Book Ultra is still a question but we should

## चिंतन

# चीन में ब्रह्मपुत्र पर बांध से भारत की बढ़ेगी दिक्कत

सीमा से इतर चीन एक और विवाद को जन्म दे रहा है। चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बना कर जल को नियंत्रित करने का मंसूबा बना रहा है। चीन ने भारतीय सीमा के नजदीक तिब्बत में यारलुंग जांग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम) पर दुनिया के सबसे बड़े बांध के निर्माण को मंजूरी दी है, जिससे भारत और बांग्लादेश की चिंता बढ़ना लाजिमी है। यह बांध परियोजना दुनिया की सबसे बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजना होगी, जिस पर 137 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत आएगी। यह बांध हिमालय की एक विशाल घाटी में बनाया जाएगा, जहां ब्रह्मपुत्र नदी एक विशाल 'यू-टर्न' लेकर अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश में बहती है। विश्व की छठी बड़ी नदी ब्रह्मपुत्र भौगोलिक रूप से कठिन परिस्थितिकी तंत्र वाली नदी है, जिसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ इस क्षेत्र के लिए विनाशकारी साबित हो सकती है। चीन भीषण जल संकट से भी गुजर रहा है, तिब्बत क्षेत्र में जलापूर्ति के लक्ष्य के साथ चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर पनबिजली प्रोजेक्ट बना रहा है। भारत व बांग्लादेश को इसका विरोध करना चाहिए और जलसंधि का पालन होना चाहिए। ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन के बड़े बांध को लेकर भारत की असल चिंता इसके जलप्रवाह को रोकने और शत्रुता के समय सीमावर्ती क्षेत्र में भारी मात्रा में पानी छोड़ने की स्थिति को लेकर है। यूं तो भारत भी अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र पर बांध बना रहा है, पर यह जल नियंत्रण के लिए नहीं है, बल्कि नदी के खतरे को कम करने के लिए है। भारत व चीन के बीच एलएसी की तरह ब्रह्मपुत्र नदी विवाद भी नासूर की तरह है। भारत और चीन ने सीमा पार नदियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 2006 में एक विशेषज्ञ स्तरीय तंत्र (ईएलएम) की स्थापना की थी, जिसके तहत चीन बाढ़ के मौसम के दौरान भारत को ब्रह्मपुत्र नदी और सतलुज नदी पर जल विज्ञान संबंधी जानकारी प्रदान करता है। भारत, चीन के सीमा मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधियों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच 18 दिसंबर को यहां हुई वार्ता में सीमा पार की नदियों के बारे में डेटा साझा करने का मुद्दा उठा था। ब्रह्मपुत्र बांध में इंजीनियरिंग की बहुत बड़ी चुनौतियां हैं, क्योंकि परियोजना स्थल टेक्टोनिक प्लेट क्षेत्र से लगा हुआ है, जहां भूकंप आते हैं। पर चीन ने भूकंप के बारे में चिंताओं को दरकिनार कर ब्रह्मपुत्र बांध जलविद्युत परियोजना को स्वीकृति दी है, जो संकटकारी मूव है। कैलाश पर्वत के पास एंगसी ग्लेशियर से निकलती और पूर्व में हिमालय से घिरी ब्रह्मपुत्र नदी 3,969 किलोमीटर लंबी है। इस नदी पर चीन की पनबिजली प्रोजेक्ट इस नदी को एक मौसमी नदी में बदल देगी, जिसका परिणाम भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में सूखे के रूप में सामने आ सकता है। एक खतरा यह भी है कि बांधों के निर्माण के पश्चात जब चीन मानसून में बाढ़ का पानी छोड़ेगा तो इससे ब्रह्मपुत्र नदी के जल प्रवाह में वृद्धि होगी, इससे भारतीय क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित होगा। नदियों के आस-पास जल संबंधी परियोजनाओं के चलते चीन ने अपनी नदियों को काफी प्रदूषित किया है और इसके कारण चीन से भारत की ओर प्रवाहित होने वाली नदियों के जल की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। चीन के इस कदम से ब्रह्मपुत्र नदी के पानी पर निर्भर असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य में भी पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। कोई भी विकास मानव के विनाश का मार्ग नहीं बना सकता है। चीन को बृहत मानवीय हित में फैसला लेना चाहिए।



उम्मीद
अरविंद जयतिलक

# केन-बेतवा परियोजना से संवरेगा बुंदेलखंड

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुभारंभ से बुंदेलखंड में विकास और प्रगति का एक नया सूर्योदय होना तय है। दशकों से पेयजल और सिंचाई संकट का सामना कर रहे बुंदेलखंडवासियों के लिए यह परियोजना किसी वरदान से कम नहीं है। ऐसा इसलिए कि इस परियोजना से कृषि उत्पादन बढ़ेगा और लोगों की आय में वृद्धि होगी। कृषि पर आधारित उद्योग-धंधे विकसित होंगे और अर्थव्यवस्था का पहिया नाच उठेगा। आय बढ़ने से समृद्धि का नया द्वार खुलेगा। गौर करें तो इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त बुंदेलखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मध्यप्रदेश की केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में हस्तांतरित करना है।

